कार्यालय, कुलसचिव
राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय
राजा पंचम सिंह मार्ग, ग्वालियर-४७४००२ (म.प्र.)

क्रमांक/कु.स./स्था./2021–22/2244 दिनांकः25/11/2021

//सूचना//

राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय, ग्वालियर के शैक्षणिक सत्र 2021–22 में महाविद्यालयों में छात्र/छात्राओं को भौतिक रूप से उपस्थित होने के संबंध में निम्नलिखित निर्देश जारी किये जा रहे हैं:–

1. स्नातक प्रथम वर्ष के नवप्रवेशित छात्र/छात्राओं को Counseling (2021–2022) की प्रक्रिया के आधार पर अपने–अपने महाविद्यालयों में प्रवेश हेतु भौतिक रूप से उपस्थित होना अनिवार्य रहेगा।
2. स्नातक द्वितीय वर्ष के समस्त छात्र/छात्राओं को दिनांक 01.12.2021 से भौतिक रूप से उपस्थित होने के निर्देश दिये जाते हैं। 06.12.2021 से समस्त महाविद्यालयों में द्वितीय वर्ष की Offline Classes नियमानुसार ली जावेगी।
3. स्नातक तृतीय वर्ष के छात्र/छात्राओं को प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा (13.12.2021 से 31.12.2021) उपरांत सेमेस्टर ब्रेक (01.01.2022 से 09.01.2022) के बाद दिनांक 10.01.2022 से द्वितीय सेमेस्टर में Offline Classes हेतु भौतिक रूप से उपस्थित होने के निर्देश दिये जाते हैं।
4. चतुर्थ वर्ष के छात्र/छात्रायें RAWE की परीक्षा (24.01.2022 से 28.01.2022) उपरांत सेमेस्टर ब्रेक (29.01.2022 से 03.02.2022) के बाद दिनांक 04.02.2022 से द्वितीय सेमेस्टर में ELP प्रोग्राम हेतु भौतिक रूप से अपने–अपने महाविद्यालयों में उपस्थित रहेंगे।
5. एम.एस.सी. प्रथम वर्ष तथा पी.एच.डी. (2021–2022) के नवप्रवेशित छात्र/छात्रायें Counselling के उपरांत अपने–अपने महाविद्यालयों में भौतिक रूप से उपस्थित रह सकेंगे।
6. समस्त छात्र/छात्राओं को COVID-19 के सभी प्रोटोकॉल का पालन करना अनिवार्य होगा।
7. भौतिक रूप से उपस्थित होने के समय समस्त छात्र/छात्राओं को अपने–अपने अभिभावकों का सहमति पत्र एवं COVID-19 के दोनों टीके लगने का प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा।
8. छात्र/छात्राओं को भौतिक उपस्थिति उपरांत COVID-19 होने पर शासन द्वारा पूर्व में जारी मापदण्डों का पालन करना होगा।
9. भौतिक उपस्थिति होने पर छात्र/छात्राओं से लेने वाली शुल्क विश्वविद्यालय नियमानुसार ली जावेगी।
10. छात्रावासों में छात्र/छात्राओं के प्रवेश व आबंटन की प्रक्रिया अधिष्ठाता अपने विवेकानुसार करेंगे।

कुलसचिव

पृष्ठां. क्रमांक/कु.स./स्था./2021–22/2245 दिनांकः25/11/2021

प्रतिलिपि सूचनार्थ हेतु :-

1. अधिष्ठाता, कृषि संकाय, रा.वि.सिं.कृ.वि.वि., ग्वालियर।
2. सभी अधिष्ठाता, कृषि/उद्यानिकी महाविद्यालय, रा.वि.सिं.कृ.वि.वि., ग्वालियर।
3. माननीय कुलपति महोदय जी के निज सचिव, रा.वि.सिं.कृ.वि.वि., ग्वालियर।

कुलसचिव